तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 26 जून 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ का चरचा में धरना-प्रदर्शन

खबर संक्षेप

कुमारी श्रेया का चयन बीपीएससी की परीक्षा में

भैयाथान। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में जनजाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण पदाधिकारी के पद पर चयनित कु.श्रेया गोयल ने 21वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

ग्राम भैयाथान निवासी कु.श्रेया गोयल पिता संजय अग्रवाल का चयन बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में हुआ है। श्रेया ने अपनी प्राथमिक शिक्षा नेहरू बाल विद्या मंदिर से की है। कुमारी श्रेया ने अपनी उपलब्धि का श्रेय परिजन के मार्गदर्शन एवं अपनी मेहनत को दिया है।

जिले में 28 को पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान

अम्बिकापुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 जून रविवार को जिले में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत जन्म से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएगी। जिले के सभी विकासखंडों में कुल 1 लाख 42 हजार 685 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विकासखंडवार लक्ष्य में बतौली के 13,080, लुंड्रा के 20,748, धौरपुर के 17,129, सीतापुर के 16,620, मैनपाट के 12,756, लखनपुर के 20,653, उदयपुर के 13,627 तथा शहरी क्षेत्र के 28,072 बच्चे शामिल हैं। पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 964 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इन बूथों पर 1,104 दलों द्वारा शासकीय चिकित्सालयों, शासकीय विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 30 को

बलरामपुर। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) तथा जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत शासी परिषद की बैठक सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में 30 जून प्रातः 11 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है।

विधानसभा सत्र के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधान सभा का दशम-सत्र 13 जुलाई से प्रारंभ होकर 17 जुलाई तक आहुत किया गया है। उक्त के दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर 17 जुलाई तक प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार विधानसभा सत्र की अवधि के दौरान सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यालय एवं मुख्यालय में उपस्थित रहना होगा कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी को अति आवश्यक अथवा अपरिहार्य कारणों से अवकाश पर जाने की परिस्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के तहत पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रदान की जाएगी साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों को अवकाश पर जाने से पूर्व कलेक्टर से लिखित अनुमति प्राप्त करनी होगी तत्पश्चात ही अवकाश पर प्रस्थान कर सकेंगे।

एसजीजीयू के चार वर्षीय कम्प्यूटर पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ

अम्बिकापुर। एसजीजीयू के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप संचालित चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में कंप्यूटर साइंस के मूलभूत सिद्धांतों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा, नेटवर्किंग एवं सॉफ्टवेयर विकास जैसी तकनीकों को शामिल किया गया है। विवि द्वारा प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर हो रही थी खाद की बिक्री, 3219 बोरी उर्वरक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद की बिक्री करने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। सीएम हेल्प लाइन पर की गई शिकायत के बाद टीम ने उर्वरक विक्रय केंद्र में छापा मारा। इस दौरान अधिक दामों पर खाद की बिक्री करने पर दुकान को सील करते हुए 3219 बोरी उर्वरक जब्त किया गया है। दुकान में निर्धारित मूल्य डीएपी 1350 के स्थान पर दो हजार रूपए से अधिक में बिक्री की जा रही थी। किसान द्वारा किए गए ऑनलाइन पेमेंट और बयान के आधार पर यह पुष्टि हुई। फिलहाल दुकान को सील किया गया है और प्रकरण कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

- विक्रय केंद्र सील, सीएम हेल्प लाइन में शिकायत के बाद कार्रवाई, 2 हजार से अधिक में डीएपी बेचने की शिकायत

बता दें कि कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश एवं उप संचालक कृषि पीतांबर सिंह दीवान के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी तथा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में

गुरुवार को नेहरूनगर डीगमास्थित एक उर्वरक विक्रय केंद्र पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 3219 बोरी उर्वरक जब्त कर विक्रय केंद्र को सील कर दिया गया। सीएम हेल्पलाइन 1076 में एक कृषक द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि नेहरूनगर (डीगमा) स्थित मेसर्स सरगुजा कृषि राय केंद्र द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक (खाद) का विक्रय किया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग द्वारा तत्काल जांच कराई गई। जांच के दौरान शिकायतकर्ता कृषक के बयान तथा उर्वरक क्रय के लिए किए गए ऑनलाइन भुगतान के डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर अधिक दर पर उर्वरक बिक्री किए जाने की पुष्टि हुई। शिकायत सही पाए जाने पर 25 जून को कृषि विभाग की जिला स्तरीय टीम ने संबंधित विक्रय केंद्र पर औचक निरीक्षण किया। जांच में पुष्टि हुई कि निर्धारित मूल्य डीएपी 1350 के स्थान पर दो हजार रूपए से अधिक में बिक्री की जा रही थी। किसान द्वारा किए गए ऑनलाइन पेमेंट और बयान के आधार पर यह पुष्टि हुई। कार्रवाई के दौरान परिसर में उपलब्ध संपूर्ण उर्वरक को जब्त कर लिया गया तथा विक्रय केंद्र के परिसर को सील कर दिया गया। कृषि विभाग की इस कार्रवाई से उर्वरक विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है। औचक निरीक्षण एवं सीलिंग की कार्रवाई के दौरान सहायक संचालक कृषि कुंवर साय पैंकरा, उर्वरक निरीक्षक जे आलम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सीताराम भगत सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई भी विक्रेता किसानों से अधिक राशि वसूलते पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

फायर सेफ्टी का पालन नहीं, गलियों में संचालन

शहर के कोचिंग सेंटर और हॉस्टल में आग लगी तो होगी मुश्किल, 19 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में संचालित कोचिंग सेंटर और हॉस्टल फायर ऑडिट में फेल हो गए है। यदि इन संस्थान में आग लगती है तो बच्चों का बचकर भागना और दमकल विभाग का रेस्क्यू अभियान चलना मुश्किल हो जाएगा। ऐसा इस लिए क्यों की कोचिंग सेंटर, हॉस्टल संकरी गलियों में संचालित हो रहे है। जिन भवनों में इनका संचालन हो रहा है वहां की सीढियां बेहद संकरी है। इसके साथ ही फायर सिस्टम पूरी तरह से फेल और एक्सपायरी है। किसी के पास भी फायर एनओसी नहीं है। दमकल विभाग द्वारा अब तक कुल 19 कोचिंग और हॉस्टल को नोटिस जारी किया गया है लेकिन अब तक देखना है यह कि इनपर आगे क्या कार्रवाई होती है।

खास बात

- भवन में संकरी सीढ़ियां, उपकरण भी कालातीत

बता दें कि लखनऊ के कोचिंग सेंटर में लगी भीषण आग में 15 बच्चे ज़दि जलकर मर गए। इस घटना ने देशभर को हैरत में डाल दिया इसके साथ ही इस घटना के बाद कोचिंग सेंटर, हॉस्टल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो गए। सरगुजा जिले की बात की जाए यहां भी दर्जनों की संख्या में कोचिंग सेंटर और हॉस्टल संचालित हो रहे है। इन

फायर सेफ्टी की जांच करते दमकलकर्मी।

कोचिंग सेंटर और हॉस्टल में अग्नि सुरक्षा मानकों का बड़े पैमाने पर उल्लंघन कर बच्चो की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस बात का खुलासा खुद दमकल विभाग द्वारा दो दिनों के भीतर की गई कार्रवाई से हुआ है। दमकल विभाग ने 24 जून को 13 और 25 जून को 11 कोचिंग सेंटर और हॉस्टल का निरीक्षण किया। इस दौरान इन कोचिंग सेंटर और हॉस्टल में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने है। आलम यह है कि किसी भी संस्थान के बाद फायर एनओसी नहीं है और इनके द्वारा सैकड़ों की संख्या में बच्चों को अपने यहां पढ़ाया जा रहा है। ज्यादातर कोचिंग संस्थान दूसरी मंजिल पर संचालित हो रहे है।

हॉस्टल का भी बुरा हाल

दमकल विभाग द्वारा नगर सेना कमांडेंट शिवकुमार कठोतिया, प्रभारी अंजनी तिवारी गुलशन तिवारी के नेतृत्व में कुल 24 कोचिंग सेंटर और हॉस्टल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान यह बात भी सामने आई कि 150 बिस्तर के हॉस्टल में सीढ़ियां संकरी है, फायर फाइटर इक्यूपमेंट का बुरा हाल है। 2018 के फायर फायटर इक्यूपमेंट पड़े है और उन्हें कभी रिफिल तक नहीं किया गया। एमरजेंसी निकासी का चिन्हांकन नहीं है। कालातीत फायर इंस्टीग्यूशर पड़े हुए है या फिर उनकी भवन की क्षमता से कम है। जहां फायर इंस्टीग्यूशर है भी तो उसे चलाने की जानकारी किसी के पास नहीं है। भवनों में फायर एक्जिट नहीं है।

गलियों में संचालन, नहीं जा सकते दमकल

कोचिंग सेंटर और हॉस्टल के जांच में यह बात भी सामने आई कि संस्थान ऐसे स्थान पर संचालित है जहां चार पहिया वाहन नहीं जा सकते और आग लगने पर दमकल का भी पहुंचना मुश्किल होगा। कोचिंग संस्थान दूसरे तीसरे मंजिल पर चलाए जा रहे है और उनकी सीढ़ियां बेहद संकरी और खड़ी है। फायर इंस्टीग्यूशर कालातीत हो चुके है और वर्षों से उनकी री फाइलिंग नहीं हुई। भवन में सिर्फ एक निकासी का रास्ता है और कोई दूसरा फायर एक्जिट नहीं। भवन में स्मोक, हीट डिटेक्टर नहीं है। वाटर हाइड्रेंट और होजरी नहीं है। किसी भी संस्थान में आपत्कालीन नंबर नहीं लगा है। इसके साथ ही किसी के पास भी एनओसी नहीं है। विभाग द्वारा जांच के बाद कुल 19 हॉस्टल और कोचिंग संस्थान को एक सप्ताह का नोटिस जारी किया गया है।

जारी किया गया है नोटिस

दकमल विभाग ने कुल 24 कोचिंग संस्थान और हॉस्टल का निरीक्षण किया है। इनमें से 19 को नोटिस जारी कर सुधार के लिए एक सप्ताह एक समय दिया गया है। सभी संस्थान में बड़ी कमियां पाई गई है। कार्रवाई के लिए कलेक्टर के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही हमारी जांच अभी जारी रहेगी।

-एसके कठोतिया
कमांडेंट नगर सेना

रामगढ़ महोत्सव की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने आषाढ़स्य प्रथम दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले रामगढ़ महोत्सव 2026 की तैयारियों का जायजा लेने विकासखंड उदयपुर स्थित रामवनगमन पर्यटन परिपथ एवं विश्व की प्राचीनतम नाट्यशाला रामगढ़ का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन स्थल पर पहुंचकर महोत्सव से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। रामगढ़ महोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

- अंचल की धरोहर को मिलेगी पहचान: राजेश

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि रामगढ़ महोत्सव प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाला महत्वपूर्ण आयोजन है। इस आयोजन के माध्यम से रामगढ़ की ऐतिहासिक धरोहरों, सीताबेंगरा एवं जोगीमारा गुफाओं तथा रामवनगमन पर्यटन परिपथ को व्यापक पहचान मिलेगी।

गौरतलब है कि रामगढ़ महोत्सव 2026 का आयोजन आगामी 29 एवं 30 जून को दो दिवसीय आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासत को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, कलाकारों, पर्यटकों एवं आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने सीताबेंगरा, हाथी पोल, हेलीपैड, मुख्य मंच, पार्किंग व्यवस्था, पंडाल, बैठक व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल सुविधा, स्वच्छता व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले प्रदर्शनी एवं विभागीय स्टॉलों की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीता बेंगरा, हाथी पोल स्थल में सभी आवश्यक तैयारियां से सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री अग्रवाल ने महोत्सव की तैयारियों की जानकारी लेते हुए विभागवार दायित्वों का निर्धारण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, आगंतुकों के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा आयोजन के सफल संचालन के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अजीत वसंत ने रामगढ़ महोत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सभी अधिकारियों को समय पर सौंपे गए विभिन्न दायित्व को पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल,जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता वीरेंद्र चौधरी, एसडीएम रामराज सिंह, उदयपुर जनपद पंचायत सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाले खाता धारक समेत चार गिरफ्तार

अंबिकापुर। साइबर ठगी के मामल में म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में दो खाताधारकों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

- रकम लेनदेन में सहयोग करने वाले भी धराए, फरार आरोपियों की तलाश जारी

बता दें कि जिले में म्यूल अकाउंट के खिलाफ एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के आधार पर बाबूपारा जोड़ा तालाब निवासी खाता धारक शुभम यादव आ. संतोष यादव के नाम से संचालित खाता के विरुद्ध पुलिस पोर्टल में विभिन्न राज्यों से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी इसके साथ ही उक्त खाते में ठगी का 42 हजार 499 रूपए हासिल करने की बात सामने आई।

वहीं एक अन्य खाता को संत गहिरा गुरु वार्ड क्रमांक 46 निवासी धीरज पाण्डेय आ. चन्द्रमा पाण्डेय द्वारा संचालित करने की जानकारी मिली। उक्त खाता में भी ठगी का 22 हजार 563 रूपए हासिल करने की बात सामने आई। उक्त खाता के खिलाफ भी विभिन्न राज्यों में अपराध दर्ज थे। इस दौरान दोनों खातों से शुभम यादव, धीरज पाण्डेय एवं शिवम यादव, कृष गुप्ता द्वारा साइबर ठगी करने और रकम हासिल करने की पुष्टि हुई। ऐसे में पुलिस ने बाबुपारा जोड़ा तालाब रोड निवासी 26 वर्षीय शुभम यादव आ. स्व. संतोष यादव, मणिपुर थाना अंतर्गत मठपारा शिव मंदिर रोड निवासी 20 वर्षीय धीरज पाण्डेय आ. चन्द्रमा पाण्डेय, बाबूपारा जोड़ा तालाब रोड निवासी 25 वर्षीय शिवम यादव आ. स्व. संतोष यादव, मठपारा निवासी 21 वर्षीय कृष गुप्ता आ. शिवप्रसाद शाह को हिरासत में लेकर ⏭शेष पेज 4 पर

नाली की चौड़ाई कम रखने पर जताई नाराजगी, कलेक्टर से की चर्चा

एनएच के पुनर्निर्माण को लेकर महापौर ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच की सड़कों के पुनर्निर्माण हेतु स्वीकृति मिलने और राशि जारी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने लोक निर्माण विभाग, एनएच और नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने एनएच की सडकों पर पानी निकासी को लेकर जल्द से जल्द काम शुरू करने को लेकर महापौर ने सख्त निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने खरसिया रोड में नाला की चौड़ाई कम रखने को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार लगाई। महापौर ने नाला की चौड़ाई बढाने को लेकर कलेक्टर से चर्चा की।

बता दें कि बारिश के समय शहर के भारत माता चौक से खरसिया रोड, शहर के एमजी रोड पर भारी जल जमाव होता है। इससे निपटने के लिए नालियों का निर्माण, फोर लेन सडकों का निर्माण कराया जाना है। रेलवे स्टेशन से गांधी चौक, भारत माता चौक से दरिमा मोड़, लरंग साय चौक से रनपुर तक सड़को का

निर्माण कराया जाना है। इन सड़कों के निर्माण का जिम्मा लोनिवि और एनएच को दिया गया है। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने ने लोक निर्माण विभाग व एनएच के अधिकारियों से बैठक कर निर्माण हेतु चर्चा की। इस दौरान एनएच के अभियंता ने बताया कि उक्त सड़कों का निर्माण जल्द शुरू किया जाएगा। सड़क निर्माण के साथ ही जल निकासी के लिए सड़क के दोनों ओर नाली का निर्माण कराया जाएगा। रेलवे स्टेशन से गांधी चौक तक पानी का समुचित निकास हेतु 7 नग क्रासिंग पुलिया का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही भारत माता चौक से दरिमा मोड़ तक 4 नग क्रासिंग पुलिया का निर्माण होगा जिससे वर्ष ऋतु में जल भराव माखन बिहार, हौंडा शो रूम, राजमोहनी भवन, फिरदौसी हॉस्पिटल के सामने नहीं होगा। इस दौरान अधिकारियों ने नालियों की चौड़ाई दो मीटर होने की बात कही जिसपर महापौर श्रीमती भगत ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि खरसिया रोड पर महामाया पहाड़ से पानी उतरता है इसके साथ ही सड़कों से भी पानी आता है। इसलिए दो मीटर का नाला काफी नहीं होगा। उन्होंने तीन मीटर चौड़ा नाला बनाने की बात कही और इसे लेकर कलेक्टर सरगुजा से भी चर्चा की। इसके साथ ही महापौर श्रीमती भगत ने जल भराव व सफाई कार्य के लिए जोन प्रभारी अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे अपने अपने क्षेत्र का नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे। इस दौरान ननि ईई संतोष रवि, सहायक अभियंता लोनिवि हिलेंद्र सिंह, ननि से सहायक अभियंता दुष्यंत बजाज, प्रदीप पैंकरा, उप अभियंता प्रियंका पटेल, निकहत सबरीन, दिलीप कश्यप, रत्नेश कंवर, प्रेम प्रकाश दुबे, सतीश रवि, राजेन्द्र तिग्गा, सतीश साहू मौजूद थे।

राजबहादुर, बग्गा व संतोष बने नगर निगम के एल्डरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर पालिका में एल्डरमैन की नियुक्ति कर दी है। आज देर शाम प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में नियुक्त किए गए पार्षदों की सूची जारी की।

नगर निगम में राजबहादुर सिंह शास्त्री, तजिन्दर बग्गा, करताराम गुप्ता, रमेश जायसवाल, शरद सिन्हा, सावित्री जायसवाल एवं श्रीधर को राज्य सरकार ने एल्डर मैन बनाया है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से पार्टी लम्बे समय से सक्रिय व निष्ठावान कार्यकर्ताओं की सूची राज्य सरकार को भेजी गई थी। निगम में एल्डरमैनों की नियुक्ति का लंबे समय से इंतजार हो रहा था। स्व.रविशंकर त्रिपाठी के प्रिय मित्र

राजबहादुर सिंह शास्त्री को पार्टी ने एल्डर मैन बनाया है। वही विद्यार्थी परिषद् से सक्रिय रहे तजिन्दर बग्गा व संतोष दास को भी पार्टी ने एल्डरमैन नियुक्त किया है। इन सभी की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं के बीच हर्ष व खुशी का माहौल है।

खबर संक्षेप

शहर में एक्यूप्रेशर मशीन का शुभारंभ

मनेन्द्रगढ़। शहर में स्वास्थ्य जागरूकता और वैकल्पिक

चिकित्सा पद्धतियों के प्रति बढ़ती रुचि के बीच आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक नई पहल की गई है। राजस्थान भवन में संचालित योग धारा कार्यक्रम में कांसा थाली एक्यूप्रेशर मशीन से लोगों को मिल रहे सकारात्मक लाभों को देखते हुए बालाजी मेडिकल स्टोर्स के संचालक विजय अग्रवाल ने अपने प्रतिष्ठान में आमजन की सुविधा के लिए इस विशेष मशीन की व्यवस्था की है। पंजाब नेशनल बैंक के सामने स्थित बालाजी मेडिकल स्टोर्स में स्थापित इस एक्यूप्रेशर मशीन का विधिवत उद्घाटन नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता श्याम सुंदर पोद्दार, अशोक बोंदिया,सहित शहर के अनेक वरिष्ठ नागरिक, समाजसेवी एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग मौजूद रहे।

जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों, पेयजल योजनाओं, जल संरक्षण गतिविधियों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता को सुदृढ़ बनाने संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में भरतपुर, खड़गवां एवं मनेन्द्रगढ़ विकासखंडों में जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया। ।

शिकायतों के त्वरित निराकरण पर फोकस

मनेन्द्रगढ़। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन, पारदर्शी प्रशासन एवं जनसमस्याओं के समयबद्ध समाधान के संकल्प को साकार करने के लिए मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला प्रशासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन 1076 में प्राप्त शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशन में सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, संवेदनशील एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। जिले में अब तक सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से कुल 403 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 218 शिकायतें वर्तमान में लंबित हैं। वहीं 19 शिकायतों का निराकरण कर उनका क्लोजर किया जा चुका है, जबकि 166 शिकायतों का निराकरण होने के उपरांत हितग्राहियों से फीडबैक प्राप्त किया जाना शेष है।

विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशे से दूर रहने का लिया संकल्प

मनेंद्रगढ़। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित नशा मुक्त भारत सप्ताह के अवसर पर यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, मनेंद्रगढ़ में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने नशे के किसी भी रूप का सेवन न करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ ली। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर समस्या है। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना समय की आवश्यकता है।

30 जून तक देशव्यापी आंदोलन का ऐलान, चरचा वेस्ट मुहाड़े पर जुटे श्रमिक

भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ का चरचा में धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

कोयला उद्योग के लाखों श्रमिकों के वेतन, सेवा शर्तों और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता-12 जेबीसीसीआई-12 के गठन में हो रही लगातार देरी को लेकर अखिल भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ बीएमएस ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है।

गुरुवार सुबह संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एकजुट होकर चरचा बेस्ट मुहाड़े पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया और कोल इंडिया प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। मजदूर नेताओं ने कहा कि वर्तमान राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता-11 एनसीडब्ल्यूए -11 की अवधि 30 जून 2026 को समाप्त होने जा रही है, लेकिन अब तक जेबीसीसीआई-12 के

धरना प्रदर्शन करते अखिल भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के श्रमिक।

गठन और वेतन वार्ता प्रक्रिया को शुरू करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इससे देशभर के कोयला श्रमिकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। संघ के महामंत्री सुजीत सिंह द्वारा कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि संगठन ने इस मुद्दे को लेकर 13 अप्रैल 2026 को भी प्रबंधन को पत्र भेजकर समय रहते समिति गठन और वार्ता प्रक्रिया शुरू करने की मांग की थी। इसके बावजूद प्रबंधन की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। अखिल भारतीय कोयला खदान संघ बीएमएस ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार 25 जून से 30 जून 2026 तक कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों तथा सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड की खदानों, महाप्रबंधक कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों और कंपनी मुख्यालयों के समक्ष धरना-प्रदर्शन, गेट मीटिंग एवं पिट मीटिंग आयोजित करने का निर्णय लिया है।

संघ का कहना है कि यह आंदोलन केवल वेतन वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि श्रमिकों के भविष्य, सामाजिक सुरक्षा, चिकित्सा सुविधाओं, भत्तों और अन्य सेवा संबंधी अधिकारों की रक्षा के लिए किया जा रहा है।

पुनर्मूल्यांकन में उन्नति के बढ़े अंक, टॉप टेन में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ कोरिया जिले का नाम किया रौशन

शहर की होनहार बेटी कु उन्नति ने अपनी मेहनत से शहर गौरवांवित किया। जानकारी के अनुसार शहर के स्कूलपारा निवासी कु उन्नति जायसवाल पिता अनुपम जायसवाल ने छग माशिम द्वारा आयोजित सेकेण्डी बोर्ड परीक्षा के परिणाम आने पर संतुष्ट नहीं थी और उसने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया जिसका परिणाम घोषित हुआ तो कु उन्नति से शहर ही नहीं बल्कि जिले का नाम प्रदेश में रौशन कर दिया।

पुनर्मूल्यांकन के परिणाम जारी होने के बाद कु उन्नति ने प्रदेश की टॉप 10 में जगह बनाते हुए प्रदेश में 8 वॉ स्थान प्राप्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 वी विज्ञान विषय में कु उन्नति जायसवाल ने सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त की करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। पुनर्मूल्यांकन के बाद सेजस महलपारा में अध्ययनरत रही कु उन्नति जायसवाल के अंक बढे और वह प्रदेश की टॉप 10 में जगह बनाने में कामयाब नही। होनहार छात्रा कु उन्नति जायसवाल ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरूजनों के साथ कडी मेहनत को देती है।

केमिस्ट्री में प्राप्त किए 99 अंक

जानकारी के अनुसार कु उन्नती ने पुनर्मूल्यांकन पश्चात हिन्दी जैसे विषय में 97 अंक प्राप्त किया, सरल समझे जाने वाले हिन्दी विषय में आमतौर पर इतना अंक विरले ही ला पाते है जो अपने आप में बडी उपलब्धि है इसके अलावा केमिस्टी में 99 अंक, बायोलॉजी में 98 अंक प्राप्त किए।

अकीदत से आज मनाया जाएगा मोहर्रम

बैकुण्ठपुर। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी इस्लाम कैलेंडर के नए साल के पहले महीने मोहर्रम की 10 वी तारीख को आज अकीदत और शिद्दत के साथ मोहर्रम मनाया जाएगा, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

यह दिन किसी उत्सव का नही बल्कि हक, इंसानियत और न्याय की रक्षा के लिए दिए गए बलिदान की याद दिलाता है, जानकारी के अनुसार पैगम्बर हजरत मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनकी साथियों ने कुरर शासक के अत्याचारो के खिलाफ लडते हुए शहादत दी थी उन्ही शहीदों की याद में आज ताजिया और जुलूस निकालकर उन्हे श्रद्धांजलि दिया जाएगा। मोहर्रम पर्व के अवसर पर अपरान्ह बाद शाम के समय ताजिया निकाला जाएगा जिसका दीदार करने के लिए सभी वर्ग के लोग जुटते है और मन्नते मांगते हैं। आज निकाले जाने वाले ताजिया का जुलूस अपने निर्धारित स्थल से निकाल कर अपने तय रूट से भ्रमण कराया जाएगा। इस दौरान बडी संख्या में मुश्लिम समाज के लोग ताजिए की जुलूस में शामिल होते है। इस दौरान कला प्रदर्शन भी किया जाता है। ताजिए के दर्शन के लिए सडकों किनारे लोग जुटते है। अमन और भाईचारा का संदेश देते हुए आज मुश्लिम समाज के लोगों द्वारा मोहर्रम मनाया जाएगा। इसके पूर्व इस पर्व को शांतिपूर्ण मनाने के लिए पुलिस ने समाज के लोगों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रमुख व्यक्तियों के साथ शांति समिति की बठक की और पर्व को शांतिपूर्ण मनाने की अपील की वही इस मौके पर पुलिस सुरक्षा के इंतजाम भी किए गए है।

बिना अनुमति नए नलकूप खनन पर रोक

मनेंद्रगढ़। पेयजल संकट की संभावनाओं को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े ने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम, 1986 क्रमांक-03 एंव 1987 की धारा-03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संपूर्ण मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में आगामी आदेश तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार अधिनियम की धारा-06 के तहत इस अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना पेयजल अथवा अन्य किसी प्रयोजन के लिए नया नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा। हालांकि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिले में तथा नगर पालिका परिषद, नगर निगम एवं नगर पंचायतों को अपने-अपने नगरीय क्षेत्र में केवल पेयजल प्रयोजन हेतु नलकूप खनन के लिए अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी।

लोहे के पिंजरे वाले ट्रैक्टरों पर सख्ती की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

खेतों में उपयोग के लिए लगाए जाने वाले लोहे के दोहरे पिंजरे (आयरन केजव्हील) वाले ट्रैक्टरों के सड़कों पर संचालन को लेकर लोक निर्माण विभाग ने चिंता जताई है।

प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग ने परिवहन विभाग को पत्र लिखकर ऐसे ट्रैक्टरों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा सभी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। प्रमुख अभियंता द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि श्री त्रिलोचन पटेल द्वारा माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर जनहित याचिका के संदर्भ में परिवहन विभाग द्वारा न्यायालय में शपथ-पत्र प्रस्तुत किया गया था। इस शपथ-पत्र के साथ परिवहन आयुक्त का 30 सितंबर 2025 का पत्र भी संलग्न था, जिसमें स्पष्ट किया गया था कि ट्रैक्टर मुख्य रूप से किसानों द्वारा खेतों में उपयोग के लिए बनाए जाते हैं तथा उनमें लगाए जाने वाले नुकीले दोहरे पिंजरे वाले पहियों का उपयोग केवल कृषि कार्यों के लिए किया जाना चाहिए। पत्र में कहा गया था कि कई किसान बिना इन लोहे के पिंजरों को हटाए ही ट्रैक्टरों का संचालन डामर, सीमेंट सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर कर रहे हैं, जो मोटर वाहन नियमों के विपरीत है। इससे सड़कें क्षतिग्रस्त होती हैं और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। परिवहन विभाग ने उस समय जिला प्रशासन के सहयोग से जनजागरूकता अभियान चलाने, ग्रामीण क्षेत्रों में मोटरयान नियमों की जानकारी देने, स्थानीय स्तर पर जागरूक करने तथा उल्लंघन करने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश भी जारी किए थे। लोक निर्माण विभाग ने अपने पत्र में बताया है कि विभागीय संभागीय अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ क्षेत्रों में पुनः बिना रबर टायर लगाए लोहे के दोहरे पिंजरे वाले ट्रैक्टरों का सड़कों पर उपयोग किया जा रहा है। इससे सड़कों की सतह को नुकसान पहुंच रहा है और साथ ही माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत शपथ-पत्र की भावना का भी उल्लंघन हो रहा है। इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए प्रमुख अभियंता ने परिवहन विभाग से अनुरोध किया है कि राज्य के सभी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश जारी कर बिना रबर टायर वाले दोहरे पिंजरे (आयरन केजव्हील) युक्त ट्रैक्टरों के सड़क संचालन पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सड़क सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और नशे के विरुद्ध कार्रवाई में लाएं तेजी

मनेन्द्रगढ़। जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने तथा नशे के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर, सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार एवं जिले के समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में सड़क सुरक्षा की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने मोटरयान अधिनियम के गंभीर उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन एवं निरस्तीकरण की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को ऐसे मामलों के प्रस्ताव तत्काल परिवहन विभाग को भेजने तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने कहा गया। साथ ही निजी एवं स्कूली बसों की नियमित फिटनेस जांच, बिना फिटनेस संचालित वाहनों पर सख्त कार्रवाई तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को आयुष्मान योजना के तहत त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने शहरों में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने, यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमण हटाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग को कड़ाई से लागू कराने तथा दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं लोक निर्माण विभाग को चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर प्राथमिकता के आधार पर सुधार कार्य करने के निर्देश दिए गए। बाउंड ओवर की कार्रवाई में तेजी लाने, बार-बार शिकायत प्राप्त होने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। एनसीओआरडी बैठक में अवैध मादक पदार्थों की खेती, तस्करी और बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी कैमरों का संचालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने, बिना चिकित्सकीय पर्ची के सिरिंज की बिक्री रोकने पर बल दिया गया।

मोर गांव मोर पानी अभियान बनेगा जन आंदोलन

मनेन्द्रगढ़। बढ़लती जलवायु, अनियमित वर्षा और बढ़ते जल संकट के बीच मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला प्रशासन ने जल संरक्षण की दिशा में एक पहल शुरू की है। मोर गांव मोर पानी अभियान के माध्यम से जिले में जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जल सुरक्षा को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के सीईओ, तकनीकी अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर जांगड़े ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जल संरक्षण अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक गांव में जल संरक्षण को सामाजिक अभियान का स्वरूप दिया जाए।

21 दिव्यांगजन को मिले सहायक उपकरण

बैकुण्ठपुर। दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम पोंड़ी में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र शिविर का आयोजन किया गया था। ग्राम पंचायत पोंड़ी स्थित सर्व आदिवासी भवन में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र शिविर में 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के नवीन एवं नवीनीकरण दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने के लिए शिविर आयोजित की गई थी।

समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह शिविर तहसील पोंड़ी-बचरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों के दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोजित किया गया था। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहें तथा दिव्यांगजनों का परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी की गई। आयोजित परीक्षण एवं मेडिकल प्रमाण पत्र शिविर समाज के कमजोर वर्गों के लिए उम्मीद और सहयोग का केंद्र बन गया। समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत, राजस्व विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वित प्रयासों से आयोजित यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में 10 नए दिव्यांगता

मेडिकल प्रमाण पत्र जारी किए गए, जबकि 18 प्रमाण पत्रों का नवीनीकरण किया गया। इसके साथ ही 12 हितग्राहियों के पेंशन संबंधी डाटा का अद्यतन भी किया गया, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर पोड़ी की सरपंच श्रीमती सुशीला ने दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित कर संवेदनशीलता और सामाजिक सहभागिता का परिचय दिया। उनके द्वारा 2 व्हील चेयर, 1 वॉकर, 2 श्रवण यंत्र, 2 जोड़ी बैशाखी तथा 10 छड़ियों का वितरण किया गया। शिविर के दौरान बड़े कलवा निवासी श्री शिवशंकर के पुत्र शुभम रिजवाड़े (8 वर्ष), जो बहुदिव्यांग हैं, सहित दो जरूरतमंद हितग्राहियों को व्हील चेयर प्रदान की गई। वहीं 18 वर्षीय श्रवण बाधित सुरेन्द्र एवं एक वरिष्ठ नागरिक को श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया। देवसाय और बैजनाथ को बैशाखी प्रदान की गई, जबकि 10 वरिष्ठ नागरिकों को चलने-फिरने में सहूलियत के लिए छड़ी वितरित की गई। शिविर में उपस्थित हितग्राहियों और उनके परिजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं, बल्कि दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास और सम्मान को भी मजबूत करते हैं। जिला कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने कहा कि दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए इस प्रकार के शिविर आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक सहायता और संवेदना पहुंच सके।

सोनहत के वनांचल गांव चन्दहा में स्वास्थ्य शिविर

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर रोक्तिमा यादव के निर्देश पर सोनहत विकासखण्ड के दूरस्थ ग्रामो में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर कदना अंतर्गत ग्राम चन्दहा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलवंत सिंह एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की समय पर जांच, स्वास्थ्य सुविधाओं के उपयोग तथा संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता देने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध दवाओं एवं सर्पदंश के उपचार की सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 71 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। जांच के दौरान टीबी, उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह के 23 संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग की गई।

कलेक्टर ने कहा-लक्ष्य तय करें, मेहनत करें और बड़े सपनों को साकार करें

आठवीं की छात्रा का बड़ा सपना-'यूपीएससी की तैयारी कैसे करें?

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के रामगढ़ स्थित माध्यमिक शाला तथा कन्या आश्रम शाला में उस समय प्रेरणादायी माहौल बन गया, जब कक्षा आठवीं की एक छात्रा ने कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव से बेझिझक पूछा, 'यूपीएससी की तैयारी के लिए क्या करना होगा?' एक छोटी सी छात्रा के बड़े सपने और आत्मविश्वास भरे इस सवाल ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया।

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव बुधवार को सोनहत ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों का दौरा की थी, इसी बीच रामगढ़ में बालिका छात्रावास में पढ़ने वाली कक्षा आठवी की एक छात्रा की जिज्ञासा की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी बड़ी सफलता की शुरूआत एक बड़े लक्ष्य से होती है। उन्होंने

विद्यार्थियों से बातचीत करतीं कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव।

छात्रा को समझाया कि यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल होने के लिए अभी से नियमित अध्ययन की आदत विकसित करनी होगी, अपने विषयों पर मजबूत पकड़ बनानी होगी और सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ानी होगी।

प्रतिभा किसी परिस्थिति की मोहताज नहीं

कलेक्टर ने कहा कि प्रतिभा किसी क्षेत्र, संसाधन या परिस्थिति की मोहताज नहीं होती। सही मार्गदर्शन, निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी बच्चा अपने सपनों को साकार कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपने मन को कभी छोटा न करें और सीखने की जिज्ञासा हमेशा बनाए रखें। निरीक्षण के दौरान श्रीमती यादव ने आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित कन्या आश्रम शाला की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

मध्यान्ह भोजन का लिया स्वाद

कलेक्टर ने रसोई कक्ष में पहुंचकर बच्चों के लिए तैयार किए जा रहे मध्यान्ह भोजन का स्वाद लिया और भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित रूप से दाल, हरी सब्जियां और सलाद उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है।

नशा मुक्ति और तनाव प्रबंधन को लेकर पुलिस जवानों को किया जागरूक

बैकुण्ठपुर। रक्षित केंद्र बैकुण्ठपुर में नशा मुक्ति एवं तनाव प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से पहुंचे ब्रह्माकुमार हितेश टुटेजा एवं ब्रह्माकुमार दत्ता रोकड़े ने प्रमुख वक्ता के रूप में पुलिस एवं नगर सेना के जवानों को संबोधित किया। वक्ताओं ने रोचक एवं प्रेरणादायी तरीके से नशे से दूर रहने, तनाव मुक्त जीवन जीने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मानव जीवन की प्रारंभ से लेकर अंत तक होने वाली विभिन्न परिस्थितियों और घटनाओं को जोड़ते हुए बताया कि किस प्रकार व्यक्ति आत्मविश्वास, अनुशासन और अच्छे विचारों के माध्यम से सफलता की ओर अग्रसर हो सकता है तथा समाज और देशहित में अपनी जिम्मेदारी निभा सकता है।

खबर संक्षेप

बाइक सहित सड़क किनारे गिरे युवक की गई जान

अम्बिकापुर। पड़ोसी के रिश्तेदार को उसके घर छोड़कर अकेले लौट रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। पटना थाना अंतर्गत ग्राम मुरमा निवासी सोना सिंह आ. नर्मदा सिंह (32 वर्ष) 22 जून को पड़ोसी सुरेंद्र सिंह के ससुर को छोड़ने बाइक से ग्राम कुरूमदुग्गा गया था और उसे छोड़ने के बाद बाइक से अकेले घर आने लगा तभी ग्राम कुरूम दुग्गा के समीप ही अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना के बाद घायल युवक बाइक को मौके पर ही छोड़ पैदल घर आया और घटना की जानकारी परिजन को दी। रात में पेट में जलन होने पर परिजन घर में ही चिकित्सक से उपचार कराए। तबीयत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 20260602170003 2/ब-121/2025-26

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नकुल राम आ. स्व. भगवती राम, निवासी शक्तिनगर जरही, तहसील प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम ठाकुरपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 697/7 रकबा 0.010 हे. (2.5 डिसमिल) एवं उस पर निर्मित मकान को निजी कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक नन्दकिशोर गोस्वामी आ.स्व. अभिमन्यु गोस्वामी, निवासी मायापुर अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) को रू. 25,00,000/- (पच्चीस लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 17/07/2026 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

न्यायालय नायब तहसीलदार दरिमा, सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. /ब-121-/25-26

-: ईश्तहार :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक / आवेदिका श्री चमरू सिंह पिता स्व.सोमार साय निवासी ग्राम मोतीपुर के द्वारा जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 के धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म/ मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 09 (3) के अन्तर्गत अपने चाचा स्व. अघन साय पिता स्व. शिवराम का मृत्यु दिनांक 19/08/2010 को ग्राम मोतीपुर होना बतलाते हुये उनके मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय बावत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो ता अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांक 23/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दरिमा
सरगुजा (छ.ग.)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - **विश्वास औषधालय**
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छात्र- छात्राओं में दिखा उत्साह

शाला प्रवेशोत्सव में कैबिनेट मंत्री ने बच्चों को तिलक लगाकर किया स्वागत

मुख्य अतिथि के साथ नवप्रवेश बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

विकासखंड अंतर्गत विभिन्न स्कूलों के नवप्रवेशी बच्चों का के शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम स्थानीय सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल और लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

खास बात
- नवप्रवेशी बच्चों को किया गया गणवेश व पाठ्यपुस्त का वितरण

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । कार्यक्रम के दौरान नव प्रवेशी स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने शिक्षा व्यवस्था के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा की राज्य सरकार सभी बच्चों के बेहतर शिक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है तथा शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में आज कई स्कूलों के बच्चों के शाला प्रवेश का कार्यक्रम रखा गया है जहां इन सभी बच्चों के शाला प्रवेश के साथ ही इनके बेहतर भविष्य को सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक बेहतर प्रयास है। लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव के साथ ही बच्चे अपने अपने जीवन में एक कदम बढ़ा रहे हैं। जहां अब बच्चे अपने समाज अपने देश और ख़ुद को बेहतर बनाने की दिशा में एक क़दम बढ़ायेंगे। बच्चों के जीवन में शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए विधायक ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा बच्चों के स्कूल में प्रवेश को एक उत्सव की तरह मनाने का निर्णय एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि किसी नए कक्षा या किसी नए स्कूल में जाना बच्चों के लिए काफ़ी ख़ुशी का पल होता है ऐसे में हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक संजय गुप्ता सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशि कला विक्रम सिंह, उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े, राकेश अग्रवाल, दिनेश साहू, राजेंद्र जायसवाल, दिनेश बारी, विक्रम सिंह, राकेश साहू, महेश्वर राजवाड़े सहित और स्कूली शिक्षक - शिक्षिकाएं और अभिभावक मौजूद रहे।

माध्यमिक शाला चिटकाहीपारा कोट में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

सूरजपुर। नवीन शिक्षा के शुभारंभ अवसर पर शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला चिटकाहीपारा कोट में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करना तथा शिक्षा के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया ग या। इस अवसर पर पालकों को बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही सभी से अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि संजय गुप्ता, सरपंच जगनारायण सिंह, संकुल प्राचार्य महेश कुमार दोहरे, व्याख्याता कमल किशोर पाण्डेय, जन शिक्षक शिवलाल सिंह, शिक्षक राधेश्याम साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष धन साय, धर्म साय सिंह, हीरालाल सिंह, कृष्णा केवर्त, धन साय, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक हुकुम साय सिंह, ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था प्रमुख सुरेन्द्र राजवाड़े ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक चंदन लगाकर व कॉपी,पेन ,पुस्तक, गणवेश देकर मिष्ठान के साथ स्वागत किया। संस्था में पदस्थ प्रधान पाठक फूल सिंह, केशरी राजवाड़े,लक्ष्मी प्रसाद ठाकुर, शालिनी साहू, पटवारी खलखो, मनबोध सिंह, राज राज सिंह, ज्योति सिंह, चंपा सिंह, कवली सिंह, अमरासो सिंह, जुगमनिया सिंह, कौशिल्या सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

नवप्रवेशी बच्चों को नियमित स्कूल भेजें अभिभावक, शाला प्रवेशोत्सव में मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

बिहारपुर। संकुल केन्द्र महुली में संकुल स्तरीय शाला प्रदेशोत्सव मदन जायसवाल एवं बैकुंठ जायसवाल के आतिथ्य में मनाया गया। प्रवेशोत्सव में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रवेशोत्सव में संकुल के महुली स्थित हाईस्कूल, पीएमश्री विद्यालय, माध्यमिक शाला, माध्यमिक शाला कोल्हुआ, प्राथमिक शाला कछवारी, प्राथमिक शाला पहाड़पारा एवं प्राथमिक शाला बोकरटोला के शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों व शिक्षकों ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगा एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मदन जायसवाल ने कहा कि सम्मानित बच्चे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। शिक्षा ही समाज की तरक्की का मूलमंत्र है। बैकुंठ जायसवाल ने पालकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने और घर पर भी पढ़ाई का माहौल देने का आह्वान किया। संकुल प्राचार्य रामशरण प्रजापति ने कहा कि संकुल के सभी स्कूलों में उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल तैयार करना हमारी प्राथमिकता है। संकुल समन्वयक संजय जायसवाल ने शत-प्रतिशत नामांकन करने और शाला त्यागी बच्चों को दोबारा स्कूल से जोड़ने पर बल दिया। इस दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, कॉपियां प्रदान की गई।

स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद हो संचालन, संयुक्त संचालक शिक्षा को सौंपा ज्ञापन

अंबिकापुर। स्कूलों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद ही कक्षाओं का संचालन किए जाने की मांग की गई है। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने इस संबंध में संयुक्त संचालक शिक्षा को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि 16 जून से शैक्षणिक सत्र की शुरुआत कर दी गई और कक्षाएं संचालित की जा रही है लेकिन जमीनी स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं अभी भी अधूरी हैं। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित शिक्षा उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि कई विद्यालयों में अभी तक पाठ्य पुस्तकें नहीं पहुंची है, कई स्कूल एकल शिक्षकीय है जिससे सभीकक्षाओं का समुचित संचालन प्रभावित हो रहा है। मरम्मत योग्य एवं जर्जर भवनों वाले विद्यालयों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था अथवा आवश्यक मरम्मत का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। क्षेत्र में अत्यधिक गर्मी एवं उमस के कारण छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। कई विद्यालयों में पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था अभी भी नहीं है। विद्युत एवं पंखों की व्यवस्था कई स्थानों पर सुचारु नहीं है, जिससे कक्षाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है। विद्यालयों में आवश्यक फर्नीचर, ब्लैक बोर्ड तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का अभाव है। कुछ विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों के कारण शैक्षणिक गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं। मध्यान्ह भोजन व्यवस्था हेतु आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों की उपलब्धता सभी स्थानों पर सुनिश्चित नहीं हो पाई है। वर्षा ऋतु के पूर्व भवनों, छतों एवं परिसर की मरम्मत का कार्य पूर्ण नहीं होने से विद्यार्थियों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं बनी हुई हैं। उन्होंने मांग की है कि विद्यार्थियों के हित में आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने तथा विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाए।

शांतिपूर्ण व सद्भावना से मोहर्रम मनाने शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज बिश्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोहर्रम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव और एकता का प्रतीक भी है। उन्होंने सभी से पर्व को आपसी प्रेम, भाईचारे और शांति के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और समाज के वरिष्ठ नागरिकों से सुझाव भी लिए। लोगों ने जुलूस मार्ग, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव रखे, जिन पर पुलिस प्रशासन ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर, सहायक उपनिरीक्षक अशोक साहू, अशोक गुप्ता, अनुपम फिलिप, रामलाल सोनी, पार्षद प्रशांत अग्रवाल, अहमद वाहिद, एजाज अहमद, वेद प्रकाश, अफरोज, शमीम पलिहा, कलाम, जावेद, संतोष कुमार सिंह, शाहिद आलम, मोहसिन रजा खान व अन्य उपस्थित थे।

कोटवार एसोसिएशन का धरना-प्रदर्शन 3 को

अम्बिकापुर। अपनी लंबित मांगों पर शासन का ध्यान आकृष्ट करने के उद्देश्य से कोटवार एसोसिएशन ने 3 जुलाई को तहसील स्तर पर धरना-प्रदर्शन करने एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधेराम चौहान ने बताया कि अपनी लंबित मांगों एवं ज्वलंत समस्याओं का मुद्दा कोटवार लम्बे समय से उठा रहे हैं परंतु इस संबंध में शासन द्वारा कोई पहल नहीं की है। संगठन ने 3 जुलाई को सभी तहसीलों में धरना-प्रदर्शन करने एवं सीएम के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है।

***अम्बिकापुर।** वाहन की टक्कर से गंभीर हुए वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। अस्ता थाना अंतर्गत ग्राम आराकोना चंदोरा निवासी विशुन भगत आ. स्व. फरसा (66 वर्ष) गत दिन काम के सिलसिले में जा रहा था। जैसे ही वृद्ध ग्वालीन सरना खर्रा के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
क्रमांक655/अ.वि.अ./2026 रामानुजगंज दिनांक 16/06/2026

-: ईश्तहार :-

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक विरेन्द्र कुमार यादव पिता परमानन्द यादव निवासी ग्राम-तालकेश्वरपुर, थाना-सनावल, तहसील-रामचन्द्रपुर के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर आवेदन पेश कर लेख किया गया है कि मेरा स्वयं का आधार कार्ड नं. 2735159936 73 बना है जिसमे नाम में विरेन्द कुमार पिता परमानन्द यादव अंकित है जो त्रुटिपूर्ण नाम दर्ज हो गया है जबकि मेरा शैक्षणिक दस्तावेज, में वास्तविक नाम विरेन्द्र कुमार यादव पिता परमानन्द यादव है। उक्त आधार का में हुई त्रुटि को सुधार करते हुए वास्तविक एवं सही नाम विरेन्द्र कुमार यादव पिता परमानन्द यादव किये जाने हेतु आवेदन सह दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो अगामी पेशी दिनांक7/07/2026 को समय 11.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/06/2026 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
रामानुजगंज

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
क्रमांक /1647/अ.वि.अ./2026 रामानुजगंज दिनांक 16/06/2026

-: ईश्तहार :-

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक रामलखन यादव पिता गुरुनारायण यादव निवासी ग्राम-तालकेश्वरपुर थाना-सनावल, तहसील-रामचन्द्रपुर के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर आवेदन पेश कर लेख किया गया है कि मेरा पुत्र का आधार कार्ड नं.671902473601 बना है जिसमें नाम में रामु कुमार यादव पिता रामलखन यादव अंकित है जो त्रुटिपूर्ण नाम दर्ज हो गया है जबकि मेरा शैक्षणिक दस्तावेज में वास्तविक नाम विवेक कुमार यादव पिता रामलखन यादव है। उक्त आधार का में हुई त्रुटि को सुधार करते हुए वास्तविक एवं सही नाम विवेक कुमार यादव पिता राललखन यादव किये जाने हेतु आवेदन सह दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति है तो आगामी पेशी दिनांक 07/07/2026 को समय 11.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ती पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/06/2026 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
रामानुजगंज

नाम परिवर्तन सूचना

मैं गुप्तेश्वर गुप्ता पिता सरजु साव जाति सुडी उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम इदरीकला वार्ड 05 ग्राम पंचायत इदरीकला पोस्ट चान्दो पिन कोड 497119 थाना चान्दों तहसील चान्दो जिला बलरामपुर रा.गंज (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरा पुत्र का वास्तविक सही नाम-राज गुप्ता पिता गुप्तेश्वर गुप्ता, जन्म तिथि 05/06/2010 अंकसूची में दर्शित है जो सही एवं सत्य है। मेरा पुत्र का पुकारू सरनेम नाम राजकमल गुप्ता, एवं जन्म तिथि 01/01/2009 आधार कार्ड में दर्शित है जिसे विलोपित करा कर मेरे द्वारा स्वयं के पुत्र का वास्तविक सही नाम एवं जन्म तिथि से आधार कार्ड प्राप्त कराना चाहता हूं एवं वर्तमान आनलाईन आधार कार्ड में पूर्व नाम राजकमल गुप्ता, एवं जन्म तिथि 01/01/2009 प्रदर्शित होने से बाधा उत्पन्न हो रही है। मेरा स्वयं का पुकारू सरनेम राजकमल गुप्ता, एवं जन्म तिथि 01/01/2009 वर्तमान आनलाईन आधार कार्ड से विलोपित करते हुवे सही नाम-राज गुप्ता पिता गुप्तेश्वर गुप्ता, जन्मतिथि 05/06/2010, दर्शित करानें हेतु छ.ग. राजपत्र का शपथ पत्र का निष्पादन करता हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
गुप्तेश्वर गुप्ता
पिता सरजु साव

निवासी- ग्राम इदरीकला वार्ड 05 ग्राम पंचायत इदरीकला पोस्ट चान्दो पिन कोड 497119 थाना चान्दों तहसील चान्दो जिला बलरामपुर रा.गंज (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
क्रमांक/1656/अ.वि.अ./2026 रामानुजगंज दिनांक 16/06/2026

-: ईश्तहार :-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक रामचन्द्र यादव पिता बालगोविन्द यादव निवासी ग्राम-तालकेश्वरपुर थाना-सनावल, तहसील-रामचन्द्रपुर के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर आवेदन पेश कर लेख किया गया है कि मेरा पुत्र प्रतीक कुमार यादव पिता रामचन्द्र यादव का आधार कार्ड नं 9862 08943518 बना है जिसमें नाम में विवेक कुमार यादव पिता रामचन्द्र यादव अंकित है जो त्रुटिपूर्ण नाम पर्ज हो गया है जबकि मेरा पुत्र का शैक्षणिक दस्तावेज में वास्तविक नाम प्रतीक कुमार यादव हैं।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो आगामी पेशी दिनांक 07/07/2026 को समय 11.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/06/2026 को न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
रामानुजगंज

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते है। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते है एवं ट्रस्ट की वेबसाईट www.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
मुकेश गोयल, प्रतापपुर
मो. 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल , महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर
मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल :- 9425547550
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

TOP IN SURGUJA

MRM हॉस्पिटल में भी उपलब्ध रहेंगें। यशोदा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(हृदय रोग विशेषज्ञ)
डॉ.अभिषेक कौशले
एम.बी.बी.एस. (सिम्स), एम.डी. (मेडिसिन)
एम.जी.एम.एम.सी. इंदौर, डी.एन.बी. (मेडिसिन)
एन.बी.ई.न्यू दिल्ली एंड डी.एन.बी. (हृदय रोग)
हृदय संबंधित रोग के लक्षण
• सीने में दर्द एवं जकड़न • सांस लेने में तकलीफ • चलने में थकान लगना
• थकावट व बेहोशी • पैरों में सूजन • बच्चों में जन्मजात हृदय रोग
एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर, सीआरटी
दिनांक - 14 जून 2026, रविवार
समय - सुबह 11 से 2.30 बजे तक
Apollo HOSPITALS TOUCHING LIVES BILASPUR
खरसिया नाका, भारत माता चौक, रिंग रोड श्री लक्ष्मी हॉटल के पास अम्बिकापुर
7777879370

Apollo Cancer Centres "कैंसर पर जीत संभव है"
और अब यह इलाज Navjeevan Cancer Hospital, Ambikapur में भी उपलब्ध होगा Apollo ke विशेषज्ञ onco-surgeon के साथ।
दिनांक 27 जून 2026 दिन शनिवार समय - सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक
कैंसर के लक्षण प्रत्येक माह के चौथे शुक्रवार को
• मोल्स या मस्सा में स्पष्ट परिवर्तन • महिलाओं की बच्चेदानी में सूजन या गांठ • निरंतर पीड़ा देने वाली खांसी
• मल एवं पेशाब में दर्द व रक्त • त्वचा का काला या पीला पड़ना • गले में लगातार दर्द का होना
• मुंह में लगातार छाले होना • लगातार उल्टी, दस्त व अपचन • निरंतर पीड़ा देने वाली खांसी
डॉ.अमोल पड़ेगांवकर
एम.एस.डी.एन.जी. (सर्जिकल ऑकोलॉजी)
सलाहकार व सीनियरसर्जन अर्थोनी कैंसर सेंटर बिलासपुर
नवजीवन कैंसर हॉस्पिटल 98938 95889, 9479131664, 7777879370

COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध
छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
Tally Education Private Limited
IGNOU
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
ADMISSION OPEN 2026-27
विद्यासागर छात्रवृत्ति अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

सेवाएं: • गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल • सुरक्षित प्रसव सुविधा • बांझपन परामर्श एवं उपचार • पीसीओडी/पीसीओएस उपचार • महिला रोगों की जांच व इलाज • सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं • डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON)

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL CGMC 24x7 Emergency
हमारी सेवाएं: • गर्भावस्था की संपूर्ण देखभाल • सुरक्षित प्रसव एवं सिजेरियन डिलीवरी • सोनोग्राफी की सुविधा • महिलाओं में संक्रमित गैलब्लैडर का इलाज एवं ऑपरेशन • बांझपन (Infertility) एवं PCOD उपचार • हार्ट स्पेशलिस्ट द्वारा प्रबंधन • हाइपोथायरायडिज्म एवं अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं • 24×7 एम्बुलेंस सेवा की सुविधा
सर्जरी सेवाएं: • बवासीर (Piles) • फिस्टुला (Fistula) • फिशर (Fissure) • हाइड्रोसील (Hydrocele) • अपेंडिक्स (Appendix) • स्तन की गांठ • गॉल की थैली की पथरी • बच्चेदानी की गांठ एवं स्लिप्ट • पोट एवं फेफड़े पुंछी • अन्य सभी प्रकार की गांठों का इलाज एवं ऑपरेशन
डॉक्टर सलाह सभी रोगियों का सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है।
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS स्त्री, प्रसूति एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन Regd.No.: CGMC 2843
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

सरगुजा मार्केट

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT /

खबर संक्षेप

एनसीडब्ल्यूए-12 के गठन में हो रहे विलंब के विरोध में रेहर भूमिगत खदान में कोल कर्मचारियों की गेट मीटिंग

बिश्रामपुर। गुरुवार को बिश्रामपुर क्षेत्र की रेहर भूमिगत खदान में एनसीडब्ल्यूए-12 के गठन में हो रहे विलंब के संबंध में बीएमएस द्वारा जनजागरण अभियान चलाते हुए खदान परिसर में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया,गेट मीटिंग के माध्यम से श्रमिकों को एनसीडब्ल्यूए-12 के गठन में हो रही देरी से उत्पन्न परिस्थितियों तथा श्रमिक हितों पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि कोयला कर्मियों की वेतन, भत्तों एवं अन्य सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए एनसीडब्ल्यूए-12 का शीघ्र गठन आवश्यक है। संगठन लगातार इस विषय को प्रमुखता से उठाते हुए श्रमिकों को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में संगठन के क्षेत्रीय समन्वयक एवं आईआर प्रभारी,राजेश सिंह,अशोक सिंह सदस्य, क्षेत्रीय कल्याण समिति), हेमंत कुमार,राजेंद्र प्रधान (सदस्य, क्षेत्रीय कल्याण समिति) तथा रन साय सहित खदान के अनेक सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे,गेट मीटिंग के दौरान श्रमिकों ने भी एनसीडब्ल्यूए-12 के गठन में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए समयबद्ध तरीके से समझौता लागू करने की मांग उठाई।

एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा में सेजेस के 12 विद्यार्थियों का चयन

प्रेमनगर। पीएम श्री सेजेस विद्यालय के कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों का चयन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में आराध्या निकुंज, हेमलता सिंह, इशानी श्याम, शिवानी, सूर्यम साई पैंकरा, खुशपेन्द्र कुमार मोरा, एंजेल सिंह, गगनदेव सिंह सरूता, नीरज सिंह श्याम, आर्यन मरकाम, निधि मरकाम एवं दिव्या सिंह शामिल है। विद्यार्थियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय परिवार हर्षित है। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। प्राचार्य ने बताया कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा भविष्य में भी विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों को प्राप्त करते रहेंगे।

विकसित भारत जी राम जी पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला

शंकरगढ़। जनपद पंचायत शंकरगढ़ में सभा कक्ष में विकसित भारत जी राम जी पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।यह अधिनियम 1 जुलाई से पूरे भारत देश में एक साथ लागू होगा।इसके अंतर्गत प्रत्येक पंजीकृत जॉब कार्ड जारी परिवार को प्रतिवर्ष 125 दिवस के रोजगार की गारंटी दी जानी है। चार मुख्य श्रेणियों और उनके कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में विकसित ग्राम पंचायत प्लानिंग कैसे बनाना है और प्राथमिकताओं का निर्धारण कैसे करना है, इसके बारे में बताया गया। कार्य योजना के अनुसार ग्राम पंचायत विकास हेतु कार्यों का प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया समझाई गई। बेरोजगारी भत्ता व मुआवजा श्रमिकों को समय पर रोजगार उपलब्ध न होने पर बेरोजगारी भत्ता तथा मजदूरी भुगतान में विलंब होने पर मुआवजा प्रदान किए जाने का प्रावधान है।कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पाण्डेय, एसडीओ, बीपीआरसी, सचिव और रोजगार सहायक में उपस्थित रहें।

बलरामपुर स्थित घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

बिश्रामपुर। ग्राम बलरामपुर सूरदासपारा निवासी डालेश्वर प्रसाद राजवाड़े ने डेढ़ महीने पहले रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 7 मई को उसकी भतीजी का विवाह समारोह था,शादी की तैयारियों के बीच

उसके पिता बलदेव राजवाड़े अपनी मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 15 सी डब्ल्यू 1405 लेकर बाहर गए थे। शाम करीब 4 बजे घर लौटकर उन्होंने बाइक को घर के बाहर लॉक कर खड़ा कर दिया,शादी के आयोजन में पूरा परिवार व्यस्त हो गया, 9 मई की सुबह जब परिवार के लोग उठे तो बाइक मौके से गायब थी, विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में चोरी की बाइक लेकर बिश्रामपुर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम गीता प्रसाद राजवाड़े 25 वर्ष निवासी केवरा मझियारपारा थाना प्रतापपुर बताया। शुरुआती पूछताछ में युवक गीता प्रसाद ने बताया कि उसने उक्त बाइक अपने परिचित विजय लास्कर से खरीदी है। विजय ने उसे वाहन के कागजात बाद में देने तथा रकम भी बाद में लेने की बात कही। पुलिस को बयान संदिग्ध लगा, जिसके बाद मामले में गहन जांच शुरू की गई।जांच के दौरान पुलिस ने गीता प्रसाद के खिलाफ कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर विजय लास्कर को भी बिश्रामपुर क्षेत्र से घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में विजय लास्कर ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने 8 मई की रात बलरामपुर सूरदासपारा से हीरो एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल चोरी की थी,चोरी के बाद उसने वाहन को अपने परिचित गीता प्रसाद राजवाड़े को 20 हजार रुपए में बेच दिया था।

नई पाइपलाइन तकनीक से वृहद स्तर पर मिलेगी भरपूर सिंचाई सुविधा

खुटपाली डायवर्सन परियोजना का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

निरीक्षण करतीं कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत जिले की महत्वपूर्ण खुटपाली डायवर्सन परियोजना (खुटपाली डेम) का निरीक्षण कर परियोजना की संपूर्ण कार्यप्रणाली एवं तकनीकी व्यवस्था की जानकारी लेते हुए डेम का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से पानी के संग्रहण, पाइपलाइन निर्माण, जल परिवहन प्रणाली तथा किसानों तक पानी पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली।

खास बात
- नई तकनीक से किया जाएगा परियोजना का निर्माण

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन रामानुजगंज ने बताया कि खुटपाली डायवर्सन परियोजना के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है तथा वर्तमान में टेंडर प्रक्रिया जारी है। परियोजना के अंतर्गत लगभग 1.4 मीटर व्यास की पाइपलाइन स्थापित की जाएगी। पाइपलाइन को विशेष संरचना के माध्यम से सुरक्षित तरीके से बिछाया जाएगा, जिससे पानी का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित हो सके। पूर्व में कैनाल क्षतिग्रस्त हो जाने से सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हुई थी। अब नई तकनीक से परियोजना का निर्माण किया जाएगा, जिससे भविष्य में ऐसी समस्या की संभावना कम होगी। और आने वाले दिनों में क्षेत्र वासियों को बिजली और पानी की सुविधा मिलेगी। परियोजना पूरी होने के बाद रामानुजगंज क्षेत्र तक नहर के माध्यम सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा, जिससे बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा, सिंचाई का रकबा बढ़ेगा और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। इससे सिंचाई क्षमता में वृद्धि के साथ क्षेत्र के किसानों को रबी सीजन में भी बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे ग्राम कोटपाली, बसकेपी, खुजरी, चिरकोमा, महराजगंज सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जल संसाधन अधिकारी को परियोजना के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि योजना का लाभ अधिकतम किसानों तक पहुंचे। इस दौरान जल संसाधन अधिकारी रामानुजगंज ईई एसके मिंज, एसडीओ सहित सरपंच अन्य जन मौजूद रहे।

उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कर कलेक्टर ने लिया शक्कर और चना वितरण का जायजा

कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने विकासखंड बलरामपुर के ग्राम सौनी स्थित उचित मूल्य दुकान का आकस्मिक निरीक्षण कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हितग्राहियों को किए जा रहे शक्कर एवं चना वितरण का अवलोकन किया तथा वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। दुकान संचालक ने बताया कि हितग्राहियों को तीन माह का राशन वितरित किया जा चुका है तथा जुलाई माह के लिए खाद्यान्न का भंडारण किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर ने राशन लेने पहुंचे हितग्राहियों से संवाद कर वितरण व्यवस्था की जानकारी ली तथा पूछा कि राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही है। हितग्राहियों ने बताया कि उन्हें समय पर राशन प्राप्त हो रहा है और वितरण व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो रही है। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित किसानों से खरीफ सीजन की तैयारियों की भी जानकारी ली। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में खाद एवं बीज उपलब्ध हो गया है तथा आवश्यकता अनुसार महराजगंज समिति से आसानी से मिल गया है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने किसानों से कहा कि वर्तमान मौसम एवं बदलते वर्षा परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्यों में वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाएं। उन्होंने फसलों में छिड़काव पद्धति का उपयोग कर फसल लेने की सलाह दी उन्होंने कहा कि इससे फसलों की बेहतर देखभाल के साथ उत्पादन में भी लाभ मिलेगा।

- राशन लेने पहुंचे हितग्राहियों जानी सार्वजनिक वितरण प्रणाली की स्थिति

जमीन विवाद पर महिला पर जानलेवा हमला, भागकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मदनपुर

ग्राम पंचायत सम्बलपुर में जमीन विवाद पर एक आदिवासी महिला पर उसके पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित महिला किसी तरह खेत से भागकर अपनी जान बचाई। घटना की शिकायत पीड़ित महिला ने लटोरी पुलिस चौकी में की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत संबलपुर निवासी जगत कुंवर पैकरा पति महेंद्र पैकरा 24 जून को अपने जमीन पर मक्का रोपाई का काम कर रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले ललित, चंद्रकांत, बोलो व ललित की मां व पत्नी सहित परिवार के लगभग 8 से 10 लोग गाली-गलौज करते हुए लाठी, डंडे, टांगी व लोहे की राड लेकर पहुंचे और जगत कुंवर पैरा को मारने के लिए दौड़ाने लगे। किसी तरह आदिवासी महिला खेत से भागते हुए घर के अंदर चली गई। इसी बीच महिला को दौड़ा रहे सभी लोग महिला के घर दाखिल हो गए। पड़ोसियों के लाठी, डंडे, टांगी व लोहे की राड़ लेकर घर के अंदर आ जाने से महिला भयभीत हो गई और घर के पीछे के दूसरे दरवाजे से भागते हुए सड़क पर आ गई। जैसे ही महिला दुकान के समीप पहुंची तभी उसकी मुलाकात छोटे पुत्र से हुई जिसके बाद जगत कुंवर के पुत्र ने डायल 112 को फोन लगाकर घटना की जानकारी दी। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और समझाइश देकर चली गई। जगत कुंवर ने घटना की शिकायत लटोरी पुलिस से की। शिकायत में महिला ने बताया कि उनके पडोसियों ने उसके जमीन में लगी बाउंड्री वॉल के खम्भो को पुरी तरह से तोड़ दिया है। पीड़ित आदिवासी महिला ने थाना प्रभारी के नाम लिखित शिकायत देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जगत कुंवर ने बताया कि जिस समय पड़ोसियों ने हमला किया उस समय परिवार के कोई सदस्य घर में नहीं थे। पड़ोसियों द्वारा सुनियोजित तरीके से उसे जान से मारना चाहते थे। पूर्व में भी पड़ोसियों ने उस पर और परिवार के अन्य सदस्यों पर हमला कर चुके है। जगत कुंवर सहित उसके परिवार के लोगों ने बताया कि उनके पड़ोसी आए दिन शराब बनाकर बेचने से लेकर शराब पीते है। उनके पड़ोसी द्वारा खुले आम महुआ शराब बिक्री की जाती है। ऐसे में कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। आदिवासी महिला जगत कुंवर ने बताया कि जिस भूमि को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है। वह जमीन जगत कुंवर के दादा के समय से ही शासकीय मद में दर्ज थी। उस भूमि पर लगभग 50-60 वर्षो से जगत कुंवर के पूर्वजो का कब्जा चला आ रहा है लेकिन कुछ वर्ष पहले उस भूमि के रिकार्ड में बाल साय पंडो का नाम दर्ज हो गया है। जिसके बाद जगत कुंवर पैकरा ने उक्त भूमि को बाल साय पंडो से अनुबंध कर क्रय लिया है जिसके बाद से विवाद की शुरुआत हुई। जगत पैकरा ने बताया कि विवादित भूमि का प्रकरण न्यायालय में लंबित है उसके बाद भी उनके पड़ोसियों द्वारा उक्त भूमि को क्रय करने व विवादित भूमि पर अपना अधिकार बता आए दिन विवाद करते है। जबकि विवादित भूमि के संबंध में न्यायालय द्वारा फैसला नहीं किया गया है।

रेलवे कॉलोनी में सफाई कराए बिना ही पानी टंकियों पर लिख दी गई डेट ऑफ क्लीनिंग

बिश्रामपुर। रेलवे कॉलोनी बिश्रामपुर में पेयजल व्यवस्था को लेकर लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि रेल प्रबंधन के संबंधित विभाग ने कॉलोनी में स्थापित पानी की टंकियों की वास्तविक सफाई कराए बिना ही उन पर ₹डेट ऑफ क्लीनिंग 23 जून 2026₹ अंकित करा दिया, जिससे रेल कर्मियों में नाराजगी व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, रेलवे कॉलोनी में कर्मचारियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कॉलोनी के बीचोंबीच एक बड़ी लोहे की जलमीनार स्थापित है। इसके अलावा कर्मचारियों के आवासों की छतों पर भी पानी की टंकियां लगी हुई हैं, जिनमें पाइपलाइन के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती है। रेल कर्मियों का आरोप है कि इन टंकियों की सफाई किए बिना ही उन पर क्लीनिंग की तिथि लिखवा दी गई। कुछ कर्मचारियों ने जब टंकियों पर तिथि अंकित कर रहे पेंटर से इसकी जानकारी ली, तो उसने बताया कि वह यह कार्य आईओडब्ल्यू (इंस्पेक्टर ऑफ वर्क्स) के निर्देश पर कर रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि रेलवे कॉलोनी में लगभग 28 से 30 आवास हैं और यहां पेयजल आपूर्ति पूरी तरह टंकियों के माध्यम से होती है। ऐसे में टंकियों की नियमित सफाई आवश्यक है ताकि कर्मचारियों और उनके परिवारों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल मिल सके। रेल कर्मियों ने बताया कि नियमों के अनुसार समय-समय पर पानी की टंकियों की सफाई कराई जानी चाहिए, लेकिन इस मामले में केवल औपचारिकता पूरी करते हुए सफाई की तिथि दर्ज कर दी गई है। कर्मचारियों ने संबंधित विभाग से इसकी शिकायत करते हुए व्यवस्था में सुधार और टंकियों की वास्तविक सफाई कराने की मांग की है। मामले को लेकर कर्मचारियों ने ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई है। उनका कहना है कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है, इसलिए जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

- रेल कर्मियों व कॉलोनीवासियों ने जताई नाराजगी, रेलवे विभाग में भेजी गई ऑनलाइन शिकायत

ट्रिप ट्रेलर ऑनर कल्याण संघ ने शोषण करने का लगाया आरोप, 28 को चक्काजाम की दी चेतावनी

बिश्रामपुर। ट्रिप ट्रेलर ऑनर कल्याण संघ, सूरजपुर की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को नावापारा में आयोजित की गई,बैठक में संघ के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में वाहन मालिकों ने हिस्सा लिया,इस दौरान कोयला परिवहन कार्य में लगे वाहन मालिकों की विभिन्न समस्याओं तथा कोयला ट्रांसपोर्टरों द्वारा किए जा रहे कथित शोषण के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई,बैठक में सर्वसम्मति से बताया गया कि संघ द्वारा अपनी मांगों के संबंध में सूरजपुर के अनुविभागीय दंडाधिकारी एसडीएम, बिश्रामपुर थाना एवं करंजी चौकी को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बढ़ती महंगाई और डीजल की लगातार बढ़ रही कीमतों के बावजूद परिवहन भाड़े में वृद्धि नहीं किए जाने पर चिंता व्यक्त की गई है।

संघ ने विभिन्न रूटों के लिए परिवहन दरों में उचित वृद्धि करने, वाहन मालिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने, भुगतान संबंधी समस्याओं का समाधान करने, लोडिंग व्यवस्था में सुधार लाने तथा साइडिंग संचालन से जुड़ी व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने की मांग की है। बैठक को संबोधित करते हुए संघ अध्यक्ष रामनरेश यादव ने कहा कि वाहन मालिक लंबे समय से आर्थिक दबाव और अनुचित शर्तों का सामना कर रहे हैं। कई बार संबंधित अधिकारियों एवं प्रबंधन के समक्ष मांगें रखने के बावजूद समाधान नहीं निकलने के कारण अब आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है। संघ के उपाध्यक्ष समीर सिंह ने कहा कि यदि वाहन मालिकों की जायज मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। वहीं कोषाध्यक्ष योगेंद्र दूबे तथा वरिष्ठ सदस्य प्रेमजीत सिंह ने कहा कि डीजल, स्पेयर पार्ट्स एवं अन्य परिचालन खर्चों में लगातार वृद्धि हुई है, जबकि परिवहन दरें वर्षों से लगभग स्थिर बनी हुई हैं। इससे वाहन मालिकों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 28 जून तक उनकी मांगों पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई तो करंजी साइडिंग में चक्का जाम कर परिवहन कार्य बंद करते हुए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

महतारी वंदन योजना के केवाईसी के नाम पर धोखाधड़ी, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

ग्राम पंचायत कुंदीकला में महिला किसानों के साथ खाद आहरण के नाम पर कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। ग्रामीण महिलाओं ने आरोप लगाया है कि महतारी वंदन योजना के केवाईसी के नाम पर उनके आधार कार्ड और बायोमेट्रिक जानकारी का दुरुपयोग कर उनके नाम पर सहकारी समिति से यूरिया खाद का आहरण कर लिया गया। मामले के उजागर होने के बाद गांव में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार और थाना प्रभारी कोई ज्ञापन सौप कर जांच कर उचित कार्रवाई करने का मांग की है।

ग्रामीण महिलाओं के अनुसार गांव के एक चॉइस सेंटर संचालक ने महतारी वंदन योजना की केवाईसी कराने के बहाने महिलाओं को अपने केंद्र पर बुलाया था। वहां उनसे आधार कार्ड लेकर अंगूठे के निशान लिए गए। महिलाओं का कहना है कि उन्हें यह जानकारी नहीं दी गई कि उनके नाम पर खाद का आहरण भी किया जा रहा है। जब खरीफ सीजन में खेती के लिए खाद लेने वे सहकारी समिति पहुंचीं तो उन्हें पता चला कि उनके खाते से पहले ही खाद निकाली जा चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई महिलाओं, जिनमें विधवा महिलाएं भी शामिल हैं उनके नाम पर खाद उठाया गया है, जबकि उन्हें एक बोरी खाद तक प्राप्त नहीं हुई। गांव के अधिकांश परिवार खेती पर निर्भर हैं और वर्तमान में बारिश का मौसम शुरू होने के कारण खेतों में बुवाई की तैयारी चल रही है। ऐसे समय में खाद नहीं मिलने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि रिकॉर्ड में खाद आहरित दिखने के कारण कोई भी खाद विक्रेता उन्हें खाद देने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि चॉइस सेंटर संचालक एवं उसके भाई द्वारा इस पूरे मामले को अंजाम दिया गया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 24 जून को आयोजित ग्राम सभा में संबंधित पक्ष को बुलाया गया था। बैठक के दौरान उनके द्वारा खाद उपलब्ध कराने की बात कही गई, लेकिन यूरिया का मूल्य 600 रुपये प्रति बोरी बताया गया, जो शासकीय दर से लगभग दोगुना है जिसे लेकर ग्रामीणों में और अधिक नाराजगी व्याप्त हो गई। ग्रामीणों ने कलेक्टर तथा पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कर निष्पक्ष जांच एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

कराई जा रही जांच

महतारी वंदन योजना की केवाईसी कराने के बहाने महिलाओं के खाते से खाद आहरण करने की शिकायत प्राप्त हुई है और इसकी जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-कावेरी मुखर्जी, तहसीलदार राजपुर

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

धान का थरहा लगाने घुनघुट्टा बांध से 5 दिनों तक छोड़ा जाएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अवर्षा की स्थिति को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने किसानों को धान का थरहा लगाने के लिए नहर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा 25 से 30 जून तक नहर के माध्यम से किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

- बचा है मात्र 23 फीसदी पानी

श्याम घुनघुट्टा सिंचाई बांध में क्षमता का मात्र 23 फीसदी पानी बचा है। अमृत मिशन के तहत घुनघुट्टा बांध का पानी शहर की आधी आबादी को पेयजल के लिए उपलब्ध कराया जाता हैं। बांध में कम पानी बचे होने के कारण विभाग द्वारा नहरों के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही थी। वर्तमान में मानसून दस्तक देने के बावजूद अवर्षा की स्थिति निर्मित हो गई है। पूर्व में प्री-मानसून गतिविधियों के दौरान भी छिटपुट बारिश हुई। अभी खरीफ खेती के अनुकूल खास कर धान का बीड़ा लगाने योग्य बारिश नहीं हुई है। मानसून की लेट-लतीफी एवं अवर्षा की स्थिति निर्मित होने के बावजूद किसान तेजी से खरीफ फसलों की बुनाई कर रहे हैं। जल संसाधन विभाग ने 25 जून से पांच दिनों तक धान का थरहा लगाने के उद्देश्य से नहर के माध्यम से बांध की पानी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। विभाग 30 जून को मानसून एवं बांध में जलभराव तथा भविष्य के लिए पेयजल के लिए पानी आरक्षित रखने की समीक्षा उपरांत आगे सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के संबंध में निर्णय लेगा।

इस संबंध में कार्यपालन मंत्री एके निरंजन ने बताया कि अवर्षा की स्थिति को देखते हुए धान का थरहा लगाने के लिए नहरों के माध्यम से पांच दिनों तक सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। भविष्य में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने का निर्णय स्थितियों की समीक्षा करने के उपरांत लिया जाएगा।

पेज 1 के शेष...

म्यूल अकाउंट उपलब्ध...

पूछताछ की गई। इस दौरान आरपियों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए आरोपी धीरज पाण्डेय द्वारा आरोपी शिवम यादव, कृष गुप्ता से बातचीत का आडियों अपने मोबाइल में होना बताते हुए पेश करने पर उसे भी जब्त किया गया। आरोपी शिवम यादव एवं कृष गुप्ता द्वारा आपराधिक षड्यंत्र कर शुभम यादव एवं धीरज पाण्डेय का बैंक खाता खुलवाने हेतु सिम निकलवाकर बैंक खाता खुलवाकर धोखाधड़ी अपराध से सम्बंधित रकम लेन देन करने मे सहयोग किया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों को बीएनएस की धारा 318 (4), 317(4), 61(2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है जबकि शेष आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, उनि राजेंद्र सिंह, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक विकास सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह, अमन पुरी, शिव राजवाड़े, मंटूलाल गुप्ता सक्रिय रहे।